पत्र सूचना शाखा
(राजभवन सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल की अध्यक्षता में रामपुर रजा लाइब्रेरी बोर्ड की 51वीं बैठक सम्पन्न

लखनऊः 16 सितम्बर, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष रामपुर रजा लाइब्रेरी बोर्ड श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज यहाँ राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में बोर्ड की 51वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद रामपुर के जिलाधिकारी एवं निदेशक रजा लाइब्रेरी बोर्ड श्री रवीन्द्र कुमार मंडेर ने राज्यपाल जी को 50वीं बैठक के निर्णयों पर अनुपालन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया रजा लाइब्रेरी का भवन एक हेरिटेज भवन है और दर्शनीय है। इस भवन को पर्यटन आकर्षण के तौर पर विकसित किया जा सकता है। राज्यपाल जी ने इसका प्रचार-प्रसार कर दर्शकों को आकर्षित करने का निर्देश दिया। राज्यपाल जी ने लाइब्रेरी में आने वाले विजिटर्स की संख्या, लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों, दुर्लभ दस्तावेजों, नयी पुस्तकों के प्रकाशन की व्यवस्था, शोधकर्ताओं हेतु पुस्तकालय की उपादेयता पर भी विस्तृत चर्चा की और पुस्तकालय को अधिक उपयोगी बनाए जाने तथा पुस्तकों को डिजिटल करने पर जोर दिया। राज्यपाल जी ने पुस्तकों के डिजिटाइजलेशन हेतु बजट के लिए सभी अधिकृत सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ निजी संस्थाओं से उनके सी0एस0आर0 फण्ड के उपयोग हेतु अनुरोध करने का निर्देश दिया।

राज्यपाल जी ने बैठक में कहा कि पुस्तकालय से ऐसी पुस्तकों के प्रकाशन को प्राथमिकता दी जाए, जिसे खरीदने में पाठकों की रूचि अधिक हो। उन्होंने निर्देश दिया

कि पुस्तकालय के आयोजनों में स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं की प्रतिभागिता कराई जाए जिससे उनकों पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी तथा सम्बन्धित गतिविधियों का ज्ञान प्राप्त हो।

बैठक में लाइब्रेरी की हामिद मंजिल के जीर्णोद्धार तथा ओपेन लाइब्रेरी एण्ड कैफेटेरिया बनाने के विषय पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी रामपुर ने अवगत कराया कि हामिद मंजिल जीणोद्धार के लिए उनके द्वारा संस्कृति मंत्रालय के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की ''हमारी धरोहर'' योजना से कार्य कराए जाने हेतु आवेदन किया गया है जहाँ से उन्हें बजट भी प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि लाइब्रेरी में ओपेन लाइब्रेरी एण्ड कैफेटेरिया की योजना में उनके द्वारा ओ0डी0ओ0पी0 के अंतर्गत जनपद रामपुर के चयनित उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रामपुर अपने जरी–जरदोजी, एप्लीक वर्क तथा विशेष प्रकार के चाकू निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। इसी क्रम में जिलाधिकारी रामपुर ने सिटी माडल मान्टेसरी स्कूल के भवन का कायाकल्प करके कक्षा आठ तक सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों का शिक्षण संस्थान बनाने की जानकारी भी राज्यपाल जी को दी। राज्यपाल जी से स्कूल में एल्युमुनाई को जोड़कर उनके द्वारा कक्षाओं को आधुनिक सुविधाओं से युक्त कराने का सुझाव दिया गया। राज्यपाल जी ने चर्चा के क्रम में अनापेक्षित नए पदों का सृजन न करने, कोर्ट में लम्बित भर्ती प्रक्रिया को कोर्ट–आदेशों के अनुरूप करने, रामपुर के लेखकों के व्याख्यानों को विद्यार्थियों के लिए आयोजित कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में प्रमुख सचिव राज्यपाल श्रीमती कल्पना अवस्थी ने लाइब्रेरी के विविध कार्यों हेतु वित्तीय व्यवस्था पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने रजा लाइब्रेरी द्वारा भाषा विश्वविद्यालयों के साथ एम0ओ0यू0 करने के राज्यपाल जी के सुझाव को महत्वपूर्ण बताया तथा ई–रीडिंग सुविधा बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा ये हेरिटेज बिल्डिंग है, इसमें दर्शकों की संख्या बढाने के लिए निकटतम मुख्य राजमार्ग पर प्रचार बोर्ड लगाए जा सकते हैं। बैठक में जिलाधिकारी रामपुर द्वारा रजा लाइब्रेरी के 13 स्टाफ के वित्तीय

उच्चीकरण तथा कान्ट्रैक्चुअल स्टाफ द्वारा नियमतीकरण हेतु कोर्ट में दावे के विक्षेपीकरण की सूचना से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रामपुर ने राज्यपाल जी को फारसी रामायण की प्रति तथा राग हिण्डोल पर बनी पेंटिग भेंट की।

बैठक में विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, रामपुर रजा लाइब्रेरी बोर्ड के सदस्यगण, अन्य अधिकारी सहित संस्कृति मंत्रालय केन्द्र सरकार से ऑनलाइन जुड़ी डिप्टी सेक्रेट्री सुश्री रेनु सिंह भी उपस्थित थीं।

डा0 सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी/राजभवन /(272/30)

सम्पर्क सूत्र– 8318116361